

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

रविवार 22 मार्च 2026 वर्ष 02 अंक 79 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

घमंड ना करना जिंदगी में,
तकदीर बदलती रहती है,
आईना वही रहता है, तस्वीर
बदलती रहती है।

## लोहड़ी गांव में 6 लाख के छठ घाट का उद्घाटन, मंत्री श्रवण कुमार पहुंचे

### श्रवण कुमार का विपक्ष पर तंज–"आरोप लगाना ही उनका काम"

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट**

**नूरसराय (नालंदा)।** नूरसराय प्रखंड के लोहड़ी गांव में आज ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और जेडीयू सांसद कौशलेंद्र कुमार पह. ुंचे। इस दौरान उन्होंने करीब छह लाख रुपये की लागत से बने छठ घाट की सीढ़ियों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने आरजेडी नेता सुनील सिंह द्वारा उन पर लगाए गए अधिक संपत्ति के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे उन्हें इसके लिए धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम ही आरोप लगाना है और इससे पहले भी प्रशांत किशोर इस तरह के आरोप लगा चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिहार में विकास की रफ्तार तेज हुई है और कई जिलों में उद्योग लगाने का काम शुरू किया गया है, जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं जेडीयू नेता नवीन कुमार निश्चल ने कहा कि आज का दिन पंचायत के लिए खुशी का दिन है। उन्होंने बताया कि लोहड़ी गांव के पास पहले कोई तालाब नहीं था, जिसके कारण लोगों को दूर मोरा तालाब




समेत अन्य स्थानों पर छठ व्रत करना पड़ता था। अब गांव के पास ही तालाब बनने से छठ व्रतियों को काफी सुविधा मिलेगी।इस मौके पर धनंजय देव, बासुदेव मुखिया, बंटी कुमार, दीपु कुमार, डॉ. वीरेश कुमार, चंदेश्वर यादव, भोन्नु यादव, बबलू कुमार, अनिल कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## ईद की नमाज के बाद गले मिले लोग, भाईचारे की दिखी मिसाल

### बड़ी दरगाह पहुंचे डीएसपी, लोगों को दी ईद की मुबारकबाद

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट**

**बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में कौमी एकता और आपसी भाईचारे के प्रतीक 'ईद–उल–फितर' के मौके पर विशेष नमाज अदा की गई। ऐतिहासिक बड़ी दरगाह सहित जिले की तमाम मस्जिदों और ईदगाहों में हज. ारों की संख्या में नमाजियों ने शिरकत की। नमाज के दौरान देश की तरक्की, एकता और विश्व शांति के लिए दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे इलाके में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहा। त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस–प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। सभी प्रमुख नमाज स्थलों और संवेदनशील इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों के साथ–साथ ड्रोन के जरिए भी निगरानी रखी गई, जिससे हर गतिविधि पर नजर बनी रही। सदर डीएसपी वन नुरुल हक भी बड़ी दरगाह पहुंचे और नमाज के बाद लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने शांति और भाईच. ारे का संदेश भी दिया।





वहीं बड़ी दरगाह के सज्जादानशीन सैयद सैफुद्दीन फिरदौसी (पीर साहब) ने नमाज के बाद मानवता और शांति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईद का दिन अल्लाह का शुक्र अदा करने का दिन है, जिसने हमें रमजान के पवित्र रोजे रखने की तौफीक दी। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में लोग जंग और भय के साये में जी रहे हैं।उन्होंने दुआ की कि दुनिया से युद्ध के बादल छंटें और हर जगह अमन–चौन कायम हो। उन्होंने कहा कि नफरत और हिंसा किसी भी रूप में उचित नहीं है। ईश्वर ने इस दुनिया को सुंदर और शांतिपूर्ण बनाया है, इसलिए इंसानियत और मोहब्बत ही सबसे बड़ा धर्म है।

## राजगीर में अकीदत और उत्साह के साथ मना ईद, मखदुम कुंड में उमड़ी नमाजियों की भीड़

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता,**
**राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट**

**राजगीर (नालंदा)** ईद का पर्व प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। ईद पर मखदुम खंड में सुबह 9 बजे नमाज अदा की गयी। मखदुम कुंड के सचिव मो. हम्मद आफताब आलम, इमाम जाफर, फिरदौस, मोहम्मद जमशेद आलम, मो. हम्मद आरजू, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद समीर सहित झालर, सीमा, बेलौआ, ना. `नहीं के लोग भी काफी संख्या में मखदुम कुंड में नमाज अदा की। सदस्य जफर आलम ने कहा कि ईद उल फितर मुस्लिम मोमिनो के लिए एक खारा इनाम का दिन है। पूरे रमजान में रोजा रखने और ईवादत करने के बाद खुदा के तरफ से बख्शीश में बंदों को दिया जाता है। इस दिन मुसलमान नमाज ए ईद के जरिए अल्लाह का शुक्र अदा करते हैं। सदका ए फित्र दान पुण्य ईद की नमाज से पहले वाजिब है।



वे भी खुशी में शरीक हो सके। ईद भाईचारा का पर्व है, जहां अपनी सब नाराजगी भूल कर एक दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारक की बधाई देते नजर आते हैं।

## बिहार के पियूष राज ने ऑल इंडिया ओपन एथलेटिक्स चौंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

### एशिया कप और विश्व एथलेटिक्स के लिए हुए चयनित

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार)** बिहार के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण आया है। राज्य के होनहार युवा एथलीट पियूष राज ने केरल के त्रिवेंद्रम में आयोजित ऑल इंडिया ओपन एथलेटिक्स चौंपियनशिप में 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर बिहार का नाम पूरे देश में रोशन किया है। पियूष राज ने यह दूरी मात्र 47.1 सेकंड में पूरी कर यह उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि महान धावक शिवनाथ सिंह के बाद पियूष राज बिहार के पहले एथलीट हैं, जिन्होंने अंडर–20 विश्व एथले. टिक्स चौंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की है। यह बिहार की खेल प्रतिभा के लिए एक नई उड़ान का प्रतीक है।

**राष्ट्रीय चीफ कोच ने दी बधाई, एशिया कप और विश्व एथलेटिक्स के लिए चयन**

भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच श्री राधा. ष्णन ने स्वयं खेल मंत्री को फोन कर इस उप. लब्धि की जानकारी दी और सूचित किया कि पियूष राज को 400 मीटर दौड़ के लिए एशिया कप और विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिपकृदोनों प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओंकृके लिए भारतीय टीम में चुना गया है। यह चयन बिहार के खेल इतिहास में एक मील का पत्थर है। पिछले तीन वर्षों से पियूष राज हैदराबाद में बिहार सरकार के मार्गदर्शन और सहयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन आज इस स्वर्णिम सफलता के रूप में सामने आया है।

**खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह का वक्तव्य**

खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने पियूष राज को बधाई देते हुए कहा "पियूष राज की यह उप. लब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि पूरे बिहार की जीत है। स्वर्गीय शिवनाथ सिंह जी के बाद बिहार से किसी एथलीट का अंडर–20 विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिप के लिए चयन होना हमारे लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार सरकार राज्य के खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है, और पियूष राज इसी नीति का जीता–जागता प्रमाण हैं। हम आगे भी उनके साथ हैं।"

**बिहार के खेल जगत के लिए नई सुबह**

खेल विभाग, बिहार सरकार पियूष राज की इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता है। विभाग उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। राज्य सरकार बिहार के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## नालंदा में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं, अफवाहों से बचें– डीएम

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट**

**बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में एलपीजी गैस सिलिंडरों की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि कहीं भी गैस की कमी नहीं है। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा किए जा रहे रिफिलिंग आवेदन के अनुसार नियमित रूप से गैस सि. लिंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि तेल विपणन कंपनियों के अनुसार जिले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में गैस सिलिंडर की आपूर्ति हो रही है। बीपीसीएल की 27 एजेंसियों द्वारा रोजाना 4953 सिलिंडर, एचपीसीएल की 9 एजेंसियों द्वारा 2113 सि. लिंडर और आईओसीएल की 18 एजेंसियों द्वारा 2206 सिलिंडर की आपूर्ति की जा रही है। इस प्रकार कुल मिलाकर करीब 9272 एलपीजी सिलिंडर प्रतिदिन उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं।जिला पदाधिकारी ने आम लोगों से गैस की कमी को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर 06112–233168) संचालित किया जा रहा है, जहां गैस से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए सभी एजेंसियों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और छापेमारी भी की जा रही है। यदि कोई व्यक्ति घरेलू गैस का दुरुपयोग या कालाबाजारी करते पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सजग और सतर्क रहें तथा किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें।





अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# मिशन हरियाली ने बांटे 420 पौधे, आबादी चार गुना बढ़ गयी है पर उपभोग 40 गुणा बढ़ गयी है समस्याओं पर अक्सर बात होती है पर समाधान की दिशा में प्रयास कम करते हैं

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** डायट नूरसराय में चल रहे पांच दिवसीय आवासीय एक्शन रिसर्च ट्रेनिंग शुक्रवार को समाप्त हो गया। इस ट्रेनिंग में जिले के एकंगरसराय,थरथरी व गिरियक प्रखंड के उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालयों के 190 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन मिशन हरियाली नूरसराय के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को निजी जमीन पर पौधरोपण के लिए 130 अमरूद,130 कटहल व 160 महोगनी सहित कुल 420 पौधा निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।पौधा उपलब्ध कराने से पूर्व मिशन हरियाली नूरसराय के संस्थापक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौती परमाणु युध्द का खतरा है।दूसरा सबसे बड़ा खतरा ग्लोबल वार्मिंग व क्लाइमेट चेंज है।धरती गर्म हो रही है।मुख्य बजह कार्बन का उत्सर्जन ज्यादा होना और जंगलों की कटाई होना।आजादी के समय आबादी 36 करोड़ थी और आज बढ़कर 136 करोड़ से ज्यादा हो गयी है।अर्थात आबादी चार गुणा बढ़ गयी है और उपभोग चालीस गुणा बढ़ गयी है।प्रकृति हमेशा संतुलन चाहती है।जल,जंगल ,जमीन और दूसरे सभी जीवों का रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। जबाबदेही दी नहीं जाती है बल्कि ली जाती है। पेड़ लगाकर हम प्रकृतिवको संभालने का प्रयास कर सकते हैं। एक ही पृथ्वी है जिसपर हमें और हमारे पीढ़ी को रहना है। इन सारी चीजों को समझते हुए हम सभी मिलकर पृथ्वी को हरा भरने में सहयोग करें। वहीं डायट के व्याख्याता संगम भारती ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भी शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए।



मानव मन नकारात्मकता और सकारात्मकता दोनों का पुंज है।विज्ञान कितना भी उन्नत हो गया है जब तक मनाव मन संतुलित नहीं होता है,इस उन्नत विज्ञान का सदुपयोग संभव नहीं है।व्याख्याता श्री भारती ने उपलब्ध कराये गये पौधों को रोपित करने व वृक्षपालन का संकल्प भी दिलाया।मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरफराज आलम, रवि प्रकाश सहाय,विवेक कुमार,नवीन कुमार,प्रमोद कुमार,अभय रंजन,अभिजीत कुमार,अभिषेक कुमार,अमीत कुमार, अमृता कुमारी,अनीता राज,अंशु प्रिया, अनु श्री,अर्चना कुमारी,आशीष कुमार,अविनाश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।





# कतरीसराय में बारिश और तेज हवाओं से फसल बर्बाद, किसानों की बढ़ी चिंता

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र में चौत्र माह के दौरान हुई हल्की बारिश और तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज अचानक बदल दिया है। एक ओर जहां लोगों को फिर से ठंड का एहसास होने लगा है, वहीं किसानों की चिंता काफी बढ़ गई है। बारिश और तेज हवाओं के कारण गेहूं, दलहन, तिलहन और मकई की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज हवा के झोंकों से खेतों में खड़ी फसलें जमीन पर गिर गई हैं, जिससे उत्पादन पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। कई किसानों ने बताया कि फसल कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन अचानक बदले मौसम ने सब कुछ बर्बाद कर दिया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार को जल्द सर्वे कर नुकसान का आकलन करना चाहिए और प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करनी चाहिए। इधर, मौसम में आए इस बदलाव का असर आम जनजीवन पर भी पड़ा है। ठंड बढ़ने के कारण लोग फिर से गर्म कपड़ों का सहारा लेने लगे हैं। फिलहाल किसान अपनी फसलों के नुकसान को लेकर चिंतित हैं और सरकार से मदद की उम्मीद कर रहे हैं।

# हरनौत के बहादुरपुर–मिल्कीपर गांव के आस स्थित एचपी गायत्री गैस एजेंसी के गोदाम पर गैस सिलेंडर लेने के लिए प्रति दिन उमड़ी रहती हैं भीड़

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान अमेरिका युद्ध की खबरों के बीच नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस को लेकर अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है। हरनौत प्रखंड क्षेत्र के कई गैस एजेंसी में रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत की स्थिति बनने लगी है। हालत यह है कि गैस एजेंसी के गोदाम खुलने से पहले ही उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग जा रही है। अफवाहों के बीच उपभोक्ता घर में रखे खाली सिलेंडर को भी भरवाने के लिए गोदाम की ओर दौड़ रहे हैं। कई उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। बता दे की हरनौत प्रखंड क्षेत्र के बहादुरपुर–मिल्कीपर गांव के पास स्थित एचपी गायत्री गैस एजेंसी के गोदाम पर गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं का प्रतिदिन भीड़ लगी रहती है। सुबह से ही गोदाम के बाहर सड़क पर लंबी कतार लग जाती है। उपभोक्ता लोग अपनी बारी के इंतजार में घंटा देर तक खड़ा रहते हैं। नाम नहीं बताने के शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि प्रति सिलेंडर पर उप. भोक्ताओं से 40 रुपए अधिक वसुली भी कि जा रही है। वही शनिवार को भी उपभोक्ताओं का काफी भीड़ लग रहा। अधिकांश लोग हरनौत बाजार के चंडी रोड में स्थित एजेंसी से लेकर गोदाम तक चक्कर लगाते रहते हैं। प्रतिदिन इनमें से कुछ लोगों को गैस मिलती है तो वहीं कुछ लोग निराश होकर वापस अपने घर लौटते हैं। बता दे की इन दिनों चौती नवरात्रा भी चल रहा है भोजन एवं फलहारी बनाने में भी गैस का इस्तेमाल हो रहा है इस कारण रसोई गैस की किल्लत भी बढ़ गई है।



शनिवार को ईद रहने के बावजूद भी उपभोक्ता लोग गैस सिलेंडर की व्यवस्था में जुटे रहे। वही एचपी गायत्री गैस एजेंसी के प्रबंधक विजय नंदन प्रसद ने बताया कि मेरे यहां 17 हजार कंज्यूमर रहने के वजह से भीड़ लग रहा है। दूसरे एजेंसी में ज्यादा कंज्यूमर नहीं रहने की वजह से वहां भीड़ नहीं लगता है। उन्होंने बताया कि डोर टू डोर पहुंचने के पहले ही उपभोक्ता लोग गोदाम के पास गैस सिलेंडर लेने के लिए पहुंच जाते हैं। उन्होंने बताया कि एक दो साल से जो उपभोक्ता गैस सिलेंडर नहीं लिए हैं उनलोग भी सिलेंडर लेने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रिया आनंद ने प्रखंड क्षेत्र में गैस की किल्लत और कालाबाजारी रोकने के लिए प्रखंड क्षेत्र में स्थित विभिन्न गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक एवं ग्राहकों को वितरण और कालाबाजारी की जांच की गई। सभी गैस एजेंसी प्रबंधक को उचित मूल्य पर सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता से अधिक रुपए की वसूली एवं कालाबाजारी की मामला संज्ञान में नहीं आया है।









# इस्लामपुर में अकीदत के साथ अदा की गई ईद की नमाज, अमन-चौन की मांगी दुआ

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर नगर सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को ईद–उल–फितर का त्योहार बड़े ही अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। हजारों अकीदतमंदों ने ईदगाहों और मस्जि. दों में नमाज अदा कर अमन–चौन और मुल्क की सलामती की दुआ मांगी। इससे पहले रमजान के आखिरी जुम्मे 'अलविदा जुम्मा' की नमाज भी पूरे शान–ओ–शौकत के साथ अदा की गई थी, जिसमें नगर की सभी छोटी–बड़ी मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी थी। शनिवार की शाम जैसे ही ईद का चांद नजर आया, पूरे इलाके में खुशी का माहौल छा गया। शनिवार सुबह करीब सात बजे से ईद की नमाज विभिन्न ईदगा. हों और मस्जिदों में अलग–अलग समय पर अदा की गई। इस्लामपुर और खोदागंज ईदगाह में सज्जादानशीन सैयद सैफुद्दीन अब्दाली राजी ने नमाज अता कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक–दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद सैयद सैफुद्दीन अब्दाली राजी ने कहा कि जिस तरह रमजान में लोग पांच वक्त की नमाज, तरावीह और कुरान की तिलावत करते हैं, उसी तरह सालभर अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंसान से गलतियां होती हैं, इसलिए उसे अपने गुनाहों से तौबा कर अल्लाह से माफी मांगनी चाहिए और नेक रास्ते पर चलना चाहिए। ईद के मौके पर गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच खैरात और सदका भी बांटा गया। नमाज के बाद कई नमाजियों ने जरूरतमंदों की मदद की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। इस्लामपुर और खोदागंज ईदगाह पर डीएसपी कुमार ऋषि राज, थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय और दुर्गेश कुमार गहलोत पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और लोगों को ईद की बधाई दी। साथ ही, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल और प्रखंड पदाधिकारी संजय कुमार लगातार क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।



प्रखंड के सत्यारगंज ईदगाह, मल्ह बिगहा मस्जिद, कजियाना मस्जिद, जामा मस्जिद, खानकाह मस्जिद, शकीना मस्जिद, अतासराय मस्जिद, खोदागंज मस्जिद, मीनाबाजार मस्जिद, कपसिया मस्जिद, महमूदा मस्जिद, मदारगंज मस्जिद और सरथुआ मस्जिद समेत विभिन्न स्थानों पर नमाज अदा की गई। इस दौरान हर ईदगाह और मस्जिद पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। खुफिया विभाग के कर्मी भी सक्रिय रहे और कई पुलिसकर्मी सादे वेश में नजर आए, जिससे पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहा।



# कड़ाह डीह रेलवे ह०ल्ट पर चोरी, 100 मीटर तार काट ले गए बदमाश

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट सिलाव(नालंदा) ।** नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड स्थित कड़ाह डीह रेलवे हॉल्ट पर बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात बदमाशों ने टिकट घर के पास लगी लाइट का करीब 100 मीटर बिजली का तार काटकर चोरी कर लिया। घटना के बाद पूरे हॉल्ट परिसर में अंधेरा छा गया, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे हॉल्ट के संचालक राकेश कुमार ने बताया कि घटना देर रात की है। सुबह जब लोग हॉल्ट पहुंचे तो देखा कि लाइट का तार कटा हुआ है और चारों ओर अंधेरा पसरा है। उन्होंने बताया कि रात में सुविधा के कारण कई यात्री सिलाव स्टेशन के बजाय कड़ाह डीह हॉल्ट पर उतरते हैं, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों को यह रास नहीं आता।उन्होंने आशंका जताई कि अपराधी जानबूझकर इलाके में अंधेरा कर यात्रियों को असुरक्षित बनाना चाहते हैं, ताकि वे किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकें। राकेश कुमार ने प्रशासन से ऐसे तत्वों की पहचान कर सख्त कार. 'वाई की मांग की है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस घटना पर चिंता जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और नियमित गश्ती बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में बड़ी घटनाएं हो सकती हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय थाना और रेलवे प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने की अपील की है।




# नंद समाज का रहा है गौरवशाली इतिहास - रामशील शर्मा

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा) ।** नंद समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट के रूप में सम्राट महापद्मनंद जी जाने जाते हैं। उनके पास दो लाख की विशाल पैदल सेना थी। विश्व विजेता का सपना देखने वाला सिकंदर भी उनके गर्जना मात्र से वापस लौट गया था। ये बातें ऑल इण्डिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इलाहाबाद हा. ईकोर्ट के अधिवक्ता रामशील शर्मा ने शनिवार को इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित ऑल इण्डिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन बिहार प्रदेश के प्रथम राज्य अधिवेशन में कहीं। कहा कि उनके शासन काल में भारत सोने की चिड़िया कही जाती थी। नंद वंश के शासन काल में 17 विश्वविद्यालय खोले गए थे। नंद समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। हम सभी उनके वंशज हैं। चाईनीज बुद्धिस्ट टेंपल के प्रमुख डॉ. धम्मारत्ना ने बुद्ध वंदना किये। विशिष्ट अतिथि बिहार लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य एवं पटना विश्वविद्यालय के सेवानिवृत अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. शिव जतन ठाकुर ने कहा कि ऑल इंडिया एमसीईए के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। अंधविश्वास के प्रति लोगों को जागरूक किया। मौके पर विधान परिषद सदस्या डॉ. उर्मिला ठाकुर वरिष्ठ व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवध राज नंद ने कहा कि यह संगठन नंद समाज का प्रमुख संगठन है, जो



देश भर के नंद समाज को एकजुट कर उनके स्वाभिमान को जगाने का कार्य कर रहा है। डॉ. सुबोध कुमार शर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कृष्ण मुरारी ठाकुर एवं महासचिव चंद्रमौली प्रसाद ने कहा कि अंधविश्वास को दूर करें और सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, नशाखोरी को उखाड़ फेंके। अधिवेशन की अध्यक्षता ऑल इंडिया एमसीईए बिहार प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण मुरारी ठाकुर ने किया, जबकि संचालन आदित्य नारायण सैन, एवं एम पी वर्मा ने किया। अधिवेशन में देश के कई प्रान्तों के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारीगण, अन्य प्रतिनिधियों सहित बिहार राज्य के तमाम बुद्धिजीवी शामिल हुए। इस मौके पर ऑल इण्डिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के संरक्षक दीनानाथ शर्मा, राकेश बिहारी शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, मृत्युंजय शर्मा, दीनानाथ ठाकुर, हेमलता, अविनाश कुमार दत्ता, नित्यानंद, राष्ट्रीय संगठन सचिव सतीश कुमार सेन, कार्यालय सचिव यूपी के अशोक कुमार शर्मा, कैप्टन विनोद कुमार सहित नेताओं ने नंद समाज के लोगों से एकता की अपील की।

# छठ पर्व को लेकर नालंदा में तैयारी तेज, बड़गांव घाट पर सुरक्षा व सुविधा के इंतजाम

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा) ।** नालंदा जिले में 22 मार्च से 25 मार्च तक मनाए जाने वाले लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ को लेकर तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। खासकर ऐतिहासिक बड़गांव छठ घाट तालाब पर प्रशासन और स्थानीय स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 20 से अधिक मज. दूरों द्वारा तेजी से बैरिकेडिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा पूरे तालाब परिसर में लाइ. टिंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही, ठहरने और अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्था की जा रही है।बताया जाता है कि इस ऐतिहासिक बड़गांव तालाब में छठ पर्व के दौरान देश के



विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु पहुंचते हैं और पूरे विधि–विधान के साथ चार दिवसीय पर्व मनाकर वापस लौटते हैं। घाट के केयर टेकर रंजीत राम ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जा रही हैं।



# नालंदा में युग संस्कृति न्यास के संस्थापक धर्मवीर आचार्य का स्वागत व अभिनंदन

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहार शरीफ, (नालंदा)।** युग संस्कृति न्यास के संस्थापक धर्मवीर आचार्य जी एवं उनके साथ अमेरिका से आए हरीश कुमार (आईआईटी रुड़की गोल्ड मेडलिस्ट एवं 67 से अधिक कंपनियों से जुड़े वैश्विक परोपकारी) का विश्व प्रसिद्ध ज्ञान की धरती नालंदा में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। दो दिवसीय दौरे के समापन के बाद पटना लौटने के क्रम में बिहार शरीफ स्थित ममता फ्यूल सेंटर (पंप) पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर जदयू के नगर अध्यक्ष प्रदुमन कुमार, ममता फ्यूल सेंटर के संचालक प्रीतम राज (राजा), अश्वनी मुखिया, जिला परिषद प्रतिनिधि सलन महतो, राहुई जिला परिषद प्रतिनिधि राकेश मुखिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में युवा नेता पंकज कुमार, बंटी कुमार, समाजसेवी मुकेश चौहान, पीयूष मेहता, निखिल मेहता, संतोष कुमार, निपेंद्र कुमार, रोहित कुमार,



नीतीश कुमार और विशाल कुमार समेत अन्य लोगों ने भी पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया।इस दौरान उपस्थित लोगों ने अतिथियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें नालंदा आगमन के लिए धन्यवाद दिया।



# बिहार दिवस पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बच्चों को किया गया रवाना

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** बिहार दिवस के अवसर पर नालंदा जिले के चयनित एवं सफल विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला शिक्षा कार्यालय से रवाना किया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) आनंद शंकर, एडीपीसी श्यामनंदन झा एवं मीडिया प्रभारी धनंजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को विदा किया। बच्चों की देखरेख के लिए नोडल शिक्षक रामाधीन प्रसाद और पम्मी कुमारी भी उनके साथ रवाना हुईं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक अजय कुमार, प्रशांत प्रियदर्शी, मनीष कुमार, शिशिर कुमार सिन्हा सहित कई शिक्षाविद मौजूद रहे। वहीं कुमार अश्विनी चंद्रा, डॉ. प्रभाकर सिन्हा, डॉ. अभिनव कुमार, प्रेम शंकर और विद्यानंद ने भी बच्चों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# शेरपुर में खंधा से अज्ञात युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के पास खंधा के पानी से एक अज्ञात युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना शनिवार शाम करीब 6:15 बजे की है, जब हरनौत–बख्तियारपुर थाना सीमा के समीप ग्रामीणों ने पानी में शव देखे जाने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष हरनौत मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। जांच के दौरान शेरपुर से बख्तियारपुर जाने वाली सड़क किनारे गड्ढे के पानी से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में शव पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया है। घटनास्थल पर एफएसएल (फॉरेंसिक) टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। वहीं, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर–02) ने भी मौके का निरीक्षण किया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास में जुटी है। मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में विधि–व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।










